[न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे] मुंबई, बुधवार, 10 दिसंबर 2025 । मूल्य 0.00, कुल पृष्ठ 4 [वर्ष: 12, डिजिटल अंक: 103, प्रधान संपादक : पवन जैन पदमावत] +91-9594542679 www.padmavatmedia.in padmavatmedia@gmail.com

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

PADMAVAT MEDIA न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे

Reg. No. MH180326353

# पदमावत मीडिया

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

**अनमोल वचन**

कबिरा आप ठगाइये, और न ठगिये कोय। आप ठगे सुख होत है, और ठगे दुख होय?

- कबीर

आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना ... 03

04 रंजिश में सास और मासूम भांजे ...

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।

संपर्क/व्हाट्सएप 95945-42679 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क

95945-42679

प्रधान सम्पादक

## मुख्यमंत्री का प्रवासी राजस्थानी चैप्टर्स के साथ संवाद

# राज्य सरकार निवेशकों को दे रही हरसंभव सहयोग : मुख्यमंत्री

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में खनन, ऊर्जा, शिक्षा, पर्यटन तथा स्वास्थ्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति और निवेश की अपार संभावनाएं हैं। देश-विदेश के बड़े निवेशक प्रदेश के इन सभी क्षेत्रों में निवेश कर रहे हैं। लेकिन प्रवासी राजस्थानियों का अपनी मातृभूमि में निवेश कर विकसित राजस्थान की यात्रा में सहभागी बनना एक सुखद अहसास है। हम निवेशकों की आकांक्षाओं को पूरा करते हुए उन्हें हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। श्री शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में देश-विदेश के आठ प्रवासी राजस्थानी चैप्टर्स के साथ संवाद कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों को राजस्थान में सामाजिक व आर्थिक विकास से संबंधित गतिविधियों में भाग लेने और निवेश हेतु प्रोत्साहित करने के लिए चैप्टर्स के प्रतिनिधियों की सराहना की। श्री शर्मा ने कहा कि बुधवार (10 दिसम्बर) को जेईसीसी, सीतापुरा में आयोजित होने वाले प्रवासी राजस्थानी दिवस के लिए चैप्टर्स की सक्रियता प्रशंसनीय है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों ने देश और विदेश में अपनी मेहनत और लगन से राजस्थान का नाम रौशन किया है। साथ ही, उन्होंने अपनी मिट्टी से जुड़ाव रखकर प्रदेश में भी सामाजिक सरोकारों में बढ़-चढ़कर भागीदारी की है। उन्होंने कहा कि एनआरआर की भागीदारी को और अधिक बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने एक डैशबोर्ड का निर्माण किया है। इसमें प्रदेश के सभी जिलों में गैप-एरियाज को चिन्हित किया गया है, ताकि प्रवासी राजस्थानी अपने गांव, शहर, जिले में भामाशाहों के सहयोग से होने वाले कार्यों में सुगमता से योगदान देकर अपनी मातृभूमि के विकास में भागीदार बन सकें।







### एनआरआर पॉलिसी से निवेश का बनेगा ईको सिस्टम

श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी मामले विभागका गठन किया है। यह विभाग प्रवासी राजस्थानियों और राज्य सरकार के बीच संवाद और सहयोग के लिए एक सशक्त मंच उपलब्ध करवाएगा, जिससे प्रवासियों का अपनी मातृभूमि से जुड़ाव और मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की नॉन-रेजिडेंट राजस्थानी पॉलिसी ऑफ राजस्थान-2025 निवेश, व्यापार, ज्ञान के आदान-प्रदान, शोध आदि में एनआरआर के योगदान को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल माहौल तैयार करेगी। यह नीति प्रवासी राजस्थानियों के निवेश को गति देने के लिए राज्य में एक बेहतर इकोसिस्टम का निर्माण करेगी।

### प्रदेश में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए संकल्पित

चैप्टर्स के प्रतिनिधियों ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राजस्थान में विगत 2 वर्षों में उद्योग एवं निवेश अनुकूल वातावरण तैयार हुआ है, जिसने विकास के रथ को गति प्रदान की है। प्रतिनिधियों ने कहा कि प्रदेश में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए प्रवासी राजस्थानी सक्रियता के साथ संकल्पित होकर कार्य कर रहे हैं। इस क्रम में प्रवासी राजस्थानी दिवस एनआरआर को अपनी मिट्टी से जुड़ने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। चैप्टर्स के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी मामले विभाग के गठन और नॉन-रेजिडेंट राजस्थानी पॉलिसी ऑफ राजस्थान-2025 के लिए धन्यवाद दिया। इस दौरान मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण सहित रियाद (सऊदी अरब), काठमांडू (नेपाल), रांची, गुवाहाटी, मुंबई, अहमदाबाद, बेंगलुरु और कोयम्बटूर चैप्टर्स के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

**जयपुर में फ्लाइट्स का शेड्यूल बिगड़ा**

### पुणे और दुबई जाने वाली फ्लाइट 4 घंटे देर से उड़ीं

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में एयरपोर्ट पर फ्लाइट्स के शेड्यूल बिगड़ने का सिलसिला जारी है। इंडिगो एयरलाइंस के विमान संचालन में हो रही दिक्कतों के बीच अन्य दूसरी एयरलाइन कंपनियों की भी फ्लाइट टाइमिंग बिगड़ रही है। मंगलवार को जयपुर एयरपोर्ट से स्पाइस जेट की पुणे और दुबई जाने वाली फ्लाइट निर्धारित समय से 4 घंटे की देरी से उड़ी, इस कारण यात्रियों को परेशान होना पड़ा। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक स्पाइसजेट की पुणे जाने वाली फ्लाइट संख्या जयपुर से निर्धारित समय सुबह 5:20 बजे रवाना होती है, वह फ्लाइट करीब 4 घंटे की देरी से सुबह 9.10 बजे रवाना हुई। रात करीब साढ़े तीन बजे एयरपोर्ट पहुंचे यात्रियों को यहां सबसे ज्यादा परेशानी हुई। इस दौरान विमान सेवा कंपनी की तरफ से यात्रियों को चाय-नाश्ता भी उपलब्ध नहीं कराया। इस तरह जयपुर से दुबई जाने वाली फ्लाइट उड़ान भरने का निर्धारित समय सुबह 9.40 बजे है, लेकिन ये विमान भी दोपहर करीब 1.47 बजे दुबई के लिए उड़ान भर सका। इस दौरान करीब 4 घंटे तक यात्री परेशान रहे। जयपुर एयरपोर्ट पर इंडिगो एयरलाइन्स के एक विमान में बोर्डिंग के दौरान यात्री की तबीयत खराब हो गई। सुबह करीब साढ़े 9 बजे बोर्डिंग के दौरान यात्री अचानक बेहोश हो गया, जिसके बाद उसे एयरपोर्ट पर ही मौजूद मेडिकल टीम ने प्राथमिक उपचार के बाद पास के निजी हॉस्पिटल रेफर किया।

### जयपुर के रिहायशी इलाकों में घुस रहा लेपर्ड

**वन विभाग ने तैयार किया खास प्लान**

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में लेपर्ड के रिहायशी इलाकों में घुसने की घटना आम हो चली है। पिछले दिनों जयपुर के दुर्गापुरा में पूर्व सांसद रामचरण बोहरा की वीवीआईपी कॉलोनी और इसके बाद सिविल लाइन में मंत्री सुरेश रावत के बंगले में लेपर्ड घुसा था। अब हाल ही 8 दिसंबर को एजी कॉलोनी में लेपर्ड का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। लेपर्ड के लोगों के घरों में घुसने की घटनाओं के बाद अब वन विभाग ने बड़ा फैसला लिया है। वन विभाग ने पायलट प्रोजेक्ट के तहत कुछ जानवरों को रेडियो कॉलर लगा रहा है। इसका मकसद वन अधिकारियों को तेंदुओं की हरकतों पर नजर रखना है। साथ ही उनकी गतिविधियों की मॉनिटरिंग करना है। बताया जा रहा है कि लेपर्ड के रेडियो कॉलर के घनी आबादी वाले शहरी इलाकों में आने से रोकने के लिए रणनीतियां बनाने में मदद करेगा।

वन अधिकारियों के अनुसार, तेंदुओं के लिए खास रेडियो कॉलर मंगवाए जाएंगे, जो तकनीकी रुप से लैस है। अधिकारियों का कहना है कि बाघों के लिए इस्तेमाल होने वाले रेडियो कॉलर हल्के होते हैं। अगर इस मंजूरी मिल जाती है, तब राजस्थान, महाराष्ट्र और गुजरात के बाद तीसरा राज्य बन जाएगा जो एक स्ट्रक्चर्ड वाइल्डलाइफ मैनेजमेंट प्लान के तहत तेंदुओं पर रेडियो कॉलर लगाएगा।

### देवनानी ने सैटेलाइट हॉस्पिटल के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेर में कोटड़ा स्थित निमार्णाधीन सैटेलाइट हॉस्पिटल के भवन का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का आकलन किया।देवनानी ने निमार्णाधीन परिसर के विभिन्न हिस्सों का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि अस्पताल परिसर की चारदीवारी को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित एवं निर्माणित किया जाए तथा संपूर्ण निर्माण कार्य को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाए।उन्होंने कहा कि निर्माण में उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री के उपयोग को हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। इससे भविष्य में अस्पताल भवन सुरक्षित, मजबूत एवं दीर्घकालीन उपयोग योग्य सिद्ध हो सकेगा। उन्होंने भवन निर्माण से संबंधित भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एक विस्तृत योजना प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए।विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सैटेलाइट हॉस्पिटल के निर्माण से स्थानीय जनता को अत्याधुनिक एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई जा सकेंगी। उन्होंने मरीजों तथा उनके परिजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विश्राम के लिए समुचित स्थान की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब को तुरंत संज्ञान में लेकर सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इससे अस्पताल जल्द से जल्द आमजन को समर्पित किया जा सकेगा।

# भाजपा व कांग्रेस संगठन में राजपूत समाज का परचम लहराया

## दोनों जिलाध्यक्षों का राजपूत महासभा संस्थान में भव्य सम्मान, समाज में उल्लास का माहौल









पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** शहर के राजनीतिक परिदृश्य में राजपूत समाज का प्रतिनिधित्व मजबूत होने पर राजपूत महासभा संस्थान ने रविवार को भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित कर समाज की एकजुटता और गौरव का संदेश दिया। राव जी का हाटा स्थित नव-निर्मित राजपूत भवन में हुए सम्मान समारोह में शहर भाजपा अध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़, शहर कांग्रेस अध्यक्ष फतह सिंह राठौड़ तथा देबारी मंडल अध्यक्ष प्रताप सिंह राठौड़ का मेवाड़ी पगड़ी, अपर्णा और स्मृति चिह्न के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

इस अनूठी पहल की सबसे खास बात यह रही कि दो विपरीत विचारधाराओं वाले प्रमुख राजनीतिक दलों के पदाधिकारी एक ही जाजम पर बैठे और समाज के प्रति एकजुटता का संकल्प दोहराया। समारोह की अध्यक्षता संस्थान अध्यक्ष संत सिंह भाटी ने की। उन्होंने कहा कि दोनों राष्ट्रीय दलों में राजपूत समाज को मिल रहा सम्मान पूरे समाज का मनोबल बढ़ाने वाला है। समाज के राजनीतिक व सामाजिक सशक्तिकरण में यह एक ऐतिहासिक अवसर है।

महासचिव प्रदीप सिंह भाटी ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस–दोनों संगठनों में राजपूत समाज के प्रतिनिधित्व से युवाओं में उत्साह है। यह समाज की राजनीतिक पकड़ को और मजबूत करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि नए जिलाध्यक्ष समाज के विकास, जरूरतमंदों की सहायता और प्रतिभाओं के मार्गदर्शन में अहम भूमिका निभाएंगे।

देबारी मंडल अध्यक्ष प्रताप सिंह राठौड़ ने संस्थान द्वारा किए गए अभिनंदन को ऐतिहासिक बताते हुए अध्यक्ष संत सिंह भाटी के नेतृत्व में हुए कार्यों की सराहना की। शहर भाजपा अध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़ ने कहा कि समाज की शिक्षा, कौशल और आर्थिक उन्नति के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने समाज के युवाओं की मदद के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष फतह सिंह राठौड़ ने भी संस्थान की इस पहल को सराहनीय बताते हुए समाज को एकजुट रहने का संदेश दिया और कहा कि राजपूत समाज हमेशा राष्ट्र निर्माण में अग्रणी रहा है। समारोह में महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष रेखा चुंडावत, पूर्व पार्षद रेखा कुंवर चौहान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जय सिंह पंवार, हेमराज सिंह भाटी, महासचिव मनीषा राठौड़ सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व समाजजन उपस्थित थे।

मंच संचालन राजेंद्र सिंह भाटी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन महासचिव प्रदीप सिंह भाटी ने दिया। कार्यक्रम की सफलता में सचिव हितेंद्र सिंह, जय सिंह पंवार, ज्ञान सिंह राजावत, यशपाल सिंह सिसोदिया, दलपत सिंह चौहान, भगवत सिंह कृष्णावत, लोकराज सिंह चौहान, नरेन्द्र सिंह सोलंकी, शेर सिंह राठौड़, चंद्रवीर सिंह भाटी, अजय सिंह भाटी, सुरेंद्र सिंह खींची सहित अनेक कार्यकताओं का विशेष सहयोग रहा।

# सिरप सप्लाई के मास्टरमाइंड शुभम जायसवाल की संपत्ति जब्त करेगी ईडी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**लखनऊ।** कफ सिरप की नशे के तौर पर सप्लाई करने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड शुभम जायसवाल की सम्पत्ति जब्त करने की कवायद ईडी ने शुरू कर दी है।

दुबई में छिपे हुए शुभम को ईडी ने अपने कार्यालय में पेश होने के लिए आठ दिसम्बर की नोटिस दी थी। उसके न आने पर ही ईडी आगे की कानूनी औपचारिकता पूरी करने में लग गई है। शुभम की लखनऊ, वाराणसी और सोनभद्र में सम्पत्तियां और बैंक खाते चिन्हित कर लिए गए हैं।

उसकी पत्नी और तीन अन्य सहयोगियों के नाम मिली सम्पत्ति के दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। अमित



टाटा की गिरफ्तारी के बाद ही ईडी ने भी इस मामले का संज्ञान ले लिया था। सामने आया था कि शुभम और उसके गिरोह ने वाराणसी से पश्चिम बंगाल, बांग्लादेश, नेपाल में इस कोडीन युक्त सिरप की सप्लाई कर 2000 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर डाली थी। ईडी ने इस सम्बन्ध में मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। इसमें शुभम, अमित टाटा, विभोर राणा, बर्खास्त सिपाही आलोक सिंह समेत कई आरोपी नामजद किए गए। इसके बाद ही इनकी सम्पत्ति चिन्हित की जाने लगी थी। ईडी ने शुभम के घर नोटिस चस्पा कर आठ दिसम्बर को पेश होने को कहा था। पर, दुबई में छिपा होने की वजह से वह नहीं आया। अब ईडी अगली तारीख देने की जगह सम्पत्तियां जब्त करने के लिए सारी औपचारिकताएं पूरी कर रही है। ईडी के एक अधिकारी ने बताया कि अन्य आरोपियों के जेल में बयान लिए जाएंगे। इसके बाद मनी लांड्रिग एक्ट के तहत इनकी भी सम्पत्तियां चिन्हित कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**अखिलेश ने बताया कि 2022 के विधानसभा चुनाव में भी इसी तरह की चालाकी से समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने की राह में रोड़ा अटकाया गया था।**

# लोकसभा में अखिलेश का मोदी-योगी और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप



संजय सक्सेना
वरिष्ठ पत्रकार
लखनऊ
@padmavatmedia.in



**समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता इसे चुनावी हथियार के रूप में देख रहे हैं।**

स समाजवादी पार्टी के प्रमुख नेता अखिलेश यादव ने आज 09 दिसंबर को लोकसभा में अपना भाषण देते हुए चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग स्वतंत्र संस्था का स्वरूप खो चुका है और सत्ताधारी दल के इशारों पर नाच रहा है। विशेष वोटर सूची संशोधन प्रक्रिया में भारी अनियमितताएं हो रही हैं, जिससे विपक्षी दलों के समर्थकों के वोट कटने की साजिश रची जा रही है। अखिलेश ने स्पष्ट शब्दों में आरोप लगाया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी और उसके सहयोगियों ने जिन सीटों पर जीत हासिल की थी, उन क्षेत्रों में पांच हजार से अधिक वोट जानबूझकर डिलीट करने की तैयारी चल रही है। उन्होंने चुनाव आयोग को चेतावनी दी कि यह लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ है और जनता इसे बर्दाश्त नहीं करेगी।

भाषण की शुरूआत में ही अखिलेश ने लोकसभा अध्यक्ष से अपील की कि सदन का माहौल शांत रखा जाए ताकि उनकी बात सुनी जा सके। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में स्वतंत्र वोटर सूची संशोधन के नाम पर सत्ताधारी दल विपक्ष को कमजोर करने का कुचक्र चला रहा है। बिहार के बाद उत्तर प्रदेश में यह प्रक्रिया तेज हो गई है और मुस्लिम, दलित, पिछड़े तथा अति पिछड़े वर्गों के इलाकों में मतदान केंद्र अधिकारी घर-घर जाकर वोटरों के नाम मिटाने का काम कर रहे हैं। अखिलेश ने उदाहरण देते हुए बताया कि 2022 के विधानसभा चुनाव में भी इसी तरह की चालाकी से समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने की राह में रोड़ा अटकाया गया था। उन्होंने दावा किया कि अब 2027 के चुनाव से पहले यही सिलसिला दोहराया जा रहा है, जिससे डेढ़ से दो करोड़ वोट प्रभावित हो सकते हैं।

भाषण के दौरान अखिलेश ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि योगी सरकार घुसपैठियों को पकड़ने के नाम पर डिटेंशन सेंटर बना रही है, लेकिन असल में यह अल्पसंख्यक समुदाय को डराने का हथकंडा है। अखिलेश ने तंज कसते हुए पूछा कि अगर घुसपैठिए इतने खतरनाक हैं तो इन्हें पकड़ने के बजाय क्यों निर्दोष लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि समाजवादी पार्टी घुसपैठ के खिलाफ है, लेकिन निर्दोषों को सताने का विरोध करेगी। योगी सरकार के डिटेंशन सेंटरों को अखिलेश ने



अमानवीय बताया और कहा कि इससे प्रदेश की शांति भंग होगी। उन्होंने सदन के सदस्यों से अपील की कि इस मुद्दे पर एकजुट होकर आवाज उठाएं।

अखिलेश ने चुनाव आयोग की कमियों को गिनाते हुए कहा कि आयोग ने बिना किसी तैयारी के स्वतंत्र वोटर सूची संशोधन शुरू कर दिया। मतदान केंद्र अधिकारियों पर इतना दबाव बनाया गया कि गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और राजस्थान में कई ने आत्महत्या तक कर ली। उन्होंने आयोग से मांग की कि इस प्रक्रिया को स्थगित कर समय बढ़ाया जाए ताकि पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। भाषण में अखिलेश ने सत्ताधारी दल पर भ्रष्टाचार का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के बाद भाजपा भ्रष्टाचार की चरम सीमा पर पहुंच गई है। भाजपा भविष्य की बातें करती है, लेकिन वर्तमान में जनता की पीड़ा को नजरअंदाज कर रही है। अखिलेश ने चार सौ चौदह दिनों में उत्तर प्रदेश चुनाव होने की बात कही और दावा किया कि समाजवादी पार्टी इस साजिश का डटकर मुकाबला करेगी। उन्होंने विपक्षी दलों से एकता की अपील की और कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए सबको साथ आना होगा।

अखिलेश के भाषण के बीच में सत्ताधारी दल के सदस्यों ने हंगामा किया, लेकिन अखिलेश ने शांत स्वर में अपनी बात जारी रखी। उन्होंने कहा कि सच्चाई से सरकार डर रही है, इसलिए हंगामा कर रही है। अखिलेश ने बाबासाहेब अंबेडकर के संविधान का हवाला देते हुए कहा कि आरक्षण व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जातीय जनगणना जरूरी है। उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधा कि अगर पहले साथ देते तो आज यह मांग न करनी पड़ती। भाषण में ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया गया। अखिलेश ने सेना की बहादुरी की तारीफ की, लेकिन सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पुलवामा जैसी घटनाओं में खुफिया तंत्र की नाकामी की जिम्मेदारी कौन लेगा। सीजफायर का फैसला किस दबाव में हुआ, इसका जवाब सरकार दे। अखिलेश ने आर्थिक नीतियों पर भी प्रहार किया। उन्होंने कहा कि व्यापारिक गतिविधियों पर पड़ रही मार को रोकने के लिए गंभीर कदम उठाने होंगे। रक्षा बजट को सकल घरेलू उत्पाद का तीन प्रतिशत करना चाहिए और इसे गैर-लंचेपदह बनाना चाहिए। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत की बात करते हुए कहा कि देश को अपनी रक्षा सामग्री खुद बनाने पर जोर देना होगा।

भाषण के अंत में अखिलेश ने सुझाव दिए कि पाकिस्तान और आतंकवाद पर दस-पंद्रह वर्षीय रणनीति बनानी चाहिए। उन्होंने चीन सीमा विवाद का जिक्र किया और सरकार से इंफ्रास्ट्रक्चर पर स्पष्टता मांगी। अखिलेश का यह भाषण करीब पैंतालीस मिनट चला और सदन में जोरदार प्रतिक्रिया पैदा की। विपक्ष ने तालियां बजाईं तो सत्ताधारी दल ने विरोध जताया। गृह मंत्री अमित शाह ने भी जवाब में कई बातें कहीं। अखिलेश के भाषण ने उत्तर प्रदेश की राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है। समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता इसे चुनावी हथियार के रूप में देख रहे हैं। अखिलेश ने साबित कर दिया कि वे मुद्दों पर सीधी बात कहने से पीछे नहीं हटते। चुनाव आयोग पर आरोपों ने विपक्ष को मजबूत एकजुटता का संदेश दिया। डिटेंशन सेंटरों पर टिप्पणी से योगी सरकार पर दबाव बढ़ गया। अखिलेश का यह आक्रामक रुख 2027 के चुनावों की दिशा तय कर सकता है। उन्होंने जनता से अपील की कि सच्चाई के साथ रहें और साजिशों को नाकाम करें। भाषण ने राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा छेड़ दी है। मीडिया चैनलों पर इसे प्रमुखता से दिखाया जा रहा है। समाजवादी पार्टी का आधार मजबूत करने में यह भाषण मील का पत्थर साबित होगा। अखिलेश ने सिद्ध किया कि वे न केवल कुशल वक्ता हैं बल्कि मुद्दों के जानकार भी।



**करीना ने बच्चों की परवरिश को लेकर शेयर की पोस्ट, बोलीं-**

## 'मैं नहीं चाहती मेरे बच्चे सिर्फ स्मार्ट हों'

**बॉलीवुड** अभिनेत्री करीना कपूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो अक्सर अपनी तस्वीरें और फनी मीम्स भी साझा करती रहती हैं। साथ ही करीना अपने बच्चों को लेकर भी कुछ न कुछ पोस्ट करती रहती हैं। अब एक बार फिर करीना ने बच्चों से जुड़ी एक पोस्ट साझा करते हुए अपने फैंस को हैप्पी संडे बोला है। साथ ही उन्होंने बच्चों की परवरिश को लेकर एक नोट भी साझा किया है। करीना कपूर ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट साझा किया है। इसमें बच्चों की परवरिश को लेकर एक नोट है। करीना ने जो पोस्ट साझा की है, उसमें लिखा है, 'मैं नहीं चाहती कि मेरे बच्चे सिर्फ स्मार्ट हों। मैं चाहती हूं कि वे दयालु हों। उन लोगों से प्यार करें जो अलग हैं। अपनी आवाज का इस्तेमाल तब भी करें जब वे कांप रहे हों। विश्वास के साथ जिएं, तब भी जब दुनिया मजाक उड़ाए। क्योंकि ग्रेड कम हो जाते हैं, नौकरियां बदल जाती हैं, ट्रॉफियों पर धूल जम जाती है, लेकिन चरित्र? वह हमेशा के लिए है।' इसके के साथ ही करीना ने कैप्शन में लिखा, 'हैप्पी संडे दोस्तों।'

## गौरव खन्ना बने बिग बॉस विनर

**जीती ट्रॉफ़ी और 50 लाख रुपए की इनामी राशि**



उत्तर प्रदेश के कानपुर शहर में जन्मे और टीवी की दुनिया के जाने-पहचाने एक्टर गौरव खन्ना ने दो वाइल्ड कार्ड एंट्री समेत कुल 17 प्रतियोगियों को हराते हुए बिग बॉस 19 की ट्रॉफ़ी अपने नाम की. गौरव खन्ना ने अपनी परिपक्वता, स्मार्ट गेम, अच्छी तरह से हर टास्क को अंजाम देने? की ख़ासियत, बाक़ी प्रतियिगियों के मुक़ाबले बरती गई शालीनता और फ़ैन्स के पॉपुलर वोटों के आधार पर बिग बॉस 19 का विजेता बनने में कामयाबी हासिल की. 105 दिनों तक चले इस रिएलिटी शो की शुरुआत से ही गौरव खन्ना को जीत का एक मज़बूत दावेदार माना जा रहा था. होस्ट सलमान ख़ान भी शो में कई दफ़ा उनके तौर-तरीकों की काफ़ी सराहना करते नज़र आए थे.

ऐसे में गौरव की लोकप्रियता दिन-ब-दिन बढ़ती ही चली गयी और अंत में उन्होंने शो जीत लिया.जीत के बाद गौरव खन्ना ने बीबीसी न्यूज़ हिंदी से कहा, 'बिग बॉस के घर में 15 लोगों को ख़ुश करने में मेरी कोई दिलचस्पी नहीं थी बल्कि मैं घर के बाहर 150 करोड़ लोगों से सीधे तौर पर जुड़ने के लिए इस घर में आया था. मैंने आत्मसम्मान और अपनी असली शख़्सियत के साथ गेम खेला. मैं दर्शकों का शुक्रगुज़ार हूं कि उन्होंने मेरी इस ख़ासियत को पहचाना और मुझे एक विजेता के रूप में चुना.

**'धुरंधर' में रणवीर सिंह के साथ काम करने पर बोले शहजाद अली, लगा**

## 'मैं तूफान के साथ तालमेल बैठा रहा हूं'

**फिल्मी** दुनिया में जब किसी बड़े प्रोजेक्ट की चर्चा होती है, तो सिर्फ फिल्म से ही नहीं, उसके संगीत से भी उतनी ही उम्मीदें जुड़ जाती हैं। इन दिनों निर्देशक आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' को लेकर ऐसा ही माहौल बना हुआ है। इस फिल्म के गाने 'इश्क जलाकर' ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। इसमें गायक शहजाद अली और अभिनेता रणवीर सिंह की अनोखी केमिस्ट्री देखने और सुनने को मिलती है। शहजाद अली ने गाने में काम करने के अनुभव को साझा किया। 'इश्क जलाकर' को लेकर शहजाद ने कहा, ''''धुरंधर' मेरे करियर का सबसे यादगार प्रोजेक्ट है। जब किसी कहानी में आग की तरह जोश और गहराई हो, तो संगीत बनाना एक सामान्य प्रक्रिया नहीं रह जाती, बल्कि व्यक्ति उस कहानी के भावों में पूरी तरह डूब जाता है। इस गाने में भी वही जुनून और वही जोश मौजूद है। शहजाद ने कहा, 'रणवीर सिंह के साथ काम करना इस प्रोजेक्ट की सबसे खास चीजों में से एक रहा। रणवीर ऐसे अभिनेता हैं जो हर सीन, हर इमोशन और हर संगीत को अपने अंदर उतार लेते हैं। वे गाने में शामिल नहीं होते, बल्कि उसे पूरी तरह जीते हैं।



उनकी ऊर्जा, उनकी शैली और उनका जोशीला अंदाज कलाकारों को भी अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर मजबूर कर देता है। उन्होंने कहा, ''रणवीर के साथ काम करते हुए ऐसा लगा मानो मैं एक तूफान या बिजली के झटके जैसी ऊर्जा के साथ तालमेल बैठा रहा हूं। यही वजह है कि मुझे 'इश्क जलाकर' गाने में भावनाओं का तूफान-सा महसूस होता है। शहजाद अली ने कहा, '''इश्क जलाकर' सिर्फ सुना जाने वाला ट्रैक नहीं है, बल्कि महसूस किया जाने वाला अनुभव है।


## जीवन में हर समय हर चीज को पकड़कर रखना जरूरी नहीं होता : राधिका आप्टे



**अभिनेत्री** राधिका आप्टे हमेशा से अपने अलग अंदाज के लिए जानी जाती रही हैं। फिल्मों में अनोखे किरदार निभाने से लेकर निजी जीवन में अपने फैसलों पर कायम रहने तक, वह अक्सर ऐसी बातें कहती हैं जो उनके आत्मविश्वास और स्पष्टता को दर्शाती हैं। इस कड़ी में उन्होंने बातचीत के दौरान बताया कि वह करियर, शहर या मौके खोने जैसे दबावों को बहुत हल्के में लेती हैं। एक खास बातचीत में राधिका आप्टे ने बताया कि उन्हें किसी भी चीज के छूट जाने का डर बिल्कुल नहीं होता। उन्होंने कहा, ''मैं इस तरह का दबाव कभी नहीं लेती। अगर मैं मुंबई में नहीं हूं, तो मैं इस बात की चिंता बिल्कुल भी नहीं करुंगी कि मेरे हाथ से बड़े मौके निकल जाएंगे। फिलहाल मैं लंदन में रहती हूं और काम के लिए भारत आती हूं। कई लोगों का मानना है कि फिल्म इंडस्ट्री का केंद्र मुंबई होने के कारण, वहां स्थायी रूप से रहना जरूरी है, लेकिन यह सोच पूरी तरह से गलत है।'' राधिका ने कहा, ''अगर मुझे कोई काम पसंद आएगा या मैं उसे करना चाहूंगी, तो मैं खुद मुंबई आ जाऊंगी। और अगर कभी कोई प्रोजेक्ट छूट भी गया, तो भी यह मेरे लिए कोई बड़ी बात नहीं है। जीवन में हर समय हर चीज को पकड़कर रखना जरूरी नहीं होता। कभी कुछ मिलता है, कभी नहीं, और दोनों ही स्थितियों को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''लंदन में रहने के बाद भी मेरे पास अच्छे प्रोजेक्ट्स के ऑफर्स हैं। इसलिए काम के पीछे भागने या लगातार उपलब्ध रहने का दबाव मैं खुद पर कभी नहीं लेती। उन्होंने कहा, ''किसी भी चीज के छूट जाने का डर मेरे जीवन में ही नहीं है। हम अक्सर सोचते हैं कि कोई बड़ा मौका चला जाएगा, तो जीवन पर असर पड़ेगा, लेकिन असल में ऐसा नहीं है। हम चीजों को जितना बड़ा समझते हैं, वे उतनी बड़ी होती नहीं। मानसिक शांति और जीवन के वास्तविक आनंद ही अहम हैं। राधिका आप्टे इन दिनों अपनी आने वाली थ्रिलर फिल्म 'साली मोहब्बत' को लेकर चर्चा में हैं।

## फिल्म वा वाथियार की शूटिंग से एक रात पहले मैंने आत्मा देखी : कृति शेट्टी

अभिनेत्री कृति शेट्टी इन दिनों अपनी आने वाली तमिल फिल्म 'वा वाथियार' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म में उनका किरदार एक स्पिरिट रीडर का है। इस बीच उन्होंने असल जिंदगी में कुछ ऐसा महसूस किया। कृति ने खुलासा किया कि शूटिंग शुरू होने से ठीक एक रात पहले उनके होटल के कमरे में उन्हें एक आत्मा दिखाई दी। इस घटना ने न सिर्फ उन्हें झकझोर दिया, बल्कि उनके किरदार के प्रति विश्वास भी मजबूत कर दिया। कृति ने कहा, 'मैं निर्देशक नलन कुमारस्वामी की इस फिल्म में एक ऐसी लड़की का किरदार निभा रही हूं, जो आत्माओं से बात करती है और जो दूसरे लोगों की तुलना में भावनाओं और ऊर्जा को अधिक गहराई से महसूस करती है। सिनेमा में ऐसे किरदार आमतौर पर कम ही देखने को



मिलते हैं, खासकर भारतीय फिल्मों में, इसलिए यह मेरे लिए एक नया और एक्साइटिंग अनुभव था। जब मैं इस किरदार की तैयारी कर रही थी, तब मुझे अंदाजा भी नहीं था कि वास्तविक जिंदगी में भी कुछ ऐसा घट सकता है।

## 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' के गाने में कार्तिक आर्यन ने श्रुति पाठक से की खास डिमांड, सिंगर ने खोला राज



**बॉलीवुड** में रोमांटिक फिल्मों का दौर एक बार फिर लौटता दिख रहा है। इसी माहौल को फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' का नया गाना 'हम दोनों' और खास बनाने आ रहा है। इस गाने को प्लेबैक सिंगर श्रुति पाठक ने गाया है। उन्होंने गाने की रिकॉर्डिंग के दौरान अभिनेता कार्तिक आर्यन से हुई छोटी-सी मुलाकात को याद किया। श्रुति पाठक ने कहा, ''हम दोनों' एक ऐसा गाना है जो ताजगी से भरा है और युवाओं के दिल के करीब रहेगा। यह गाना कपल्स के लिए एकदम सही है। गाने की धुन और अंदाज दोनों मिलकर इसे खास बनाते हैं। इसकी सरलता और मॉडर्न टच इसे लंबे समय तक यादगार बनाएगी।' गाने की रिकॉर्डिंग के दौरान कार्तिक आर्यन से मुलाकात के किस्से को साझा करते हुए श्रुति ने बताया कि कार्तिक रिकॉर्डिंग में काफी दिलचस्पी ले रहे थे और गीत को लेकर बेहद उत्साहित थे। उन्होंने कहा, ''कार्तिक और अनन्या पांडे दोनों ही गाने और टीजर में शानदार लग रहे हैं। यह फिल्म और इसका संगीत बॉलीवुड में रोमांटिक फिल्मों का एक नया दौर शुरू कर सकता है। श्रुति पाठक ने बताया कि कार्तिक ने उनसे अकॉस्टिक वर्जन की भी डिमांड की थी, इससे उनकी म्यूजिक में रुचि का अंदाजा लगता है। श्रुति पाठक ने गीतकार अनविता दत्त की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, ''अनविता ने इस गीत के बोल बेहद खूबसूरती से लिखे हैं। वह एक प्रतिभाशाली लेखिका और निर्देशक हैं। मैं उनके काम की हमेशा से प्रशंसक रही हूं। मुझे खुशी है कि आखिरकार मुझे उनके साथ काम करने का मौका मिला। उन्होंने इस गाने की भावनाओं और कहानी को सटीक तरीके से शब्दों में पिरोया है। 'हम दोनों' में संगीत विशाल-शेखर की जोड़ी ने दिया है। श्रुति ने कहा, 'ये जोड़ी बॉलीवुड में कूल और ट्रेंडी संगीत का चेहरा है और हर बार कलाकारों से बेहतरीन काम निकलवाते हैं। मैंने पहले इनके साथ 'तुझे भुला दिया' और 'आस पास खुदा' जैसे बड़े गानों में काम किया है। 'हम दोनों' के जरिए फिर से उनके साथ काम करने का एक खास अनुभव रहा। '

## सलीम साहब मेरे लिए परिवार जैसे हैं, उनसे हर पल कुछ सीखने को मिलता है : लूलिया वंतूर

**बॉलीवुड** के सुपरस्टार सलमान खान की खास दोस्त और रोमानियाई सिंगर लूलिया वंतूर ने एक्टर दीपक तिजोरी के साथ शॉर्ट ड्रामा 'इकोज ऑफ अस' से अपना एक्टिंग डेब्यू किया। हाल ही में लूलिया ने बातचीत की और दीपक तिजोरी संग अनुभव से लेकर सलमान खान के परिवार के साथ अपने रिश्ते और आने वाले प्रोजेक्ट को लेकर खास बातचीत की। उन्होंने कहा, 'दीपक तिजोरी बहुत अच्छे इंसान और शानदार अभिनेता हैं। उनके साथ काम करके काफी अच्छा अनुभव रहा। उनसे काफी कुछ सीखने को मिला। लूलिया ने यह भी बताया कि 'इकोज ऑफ अस' में एक लव सॉन्ग को उन्होंने एक भारतीय गायक के साथ गाया है। अभी मेरे कई सारे गाने रिलीज होने बाकी हैं। हाल ही में लूलिया ने सलीम खान (सलमान खान के पिता) के जन्मदिन पर उन्हें सोशल मीडिया के जरिए शुभकामनाएं दी थीं। उन्होंने कहा, 'सलीम साहब बहुत शानदार इंसान हैं। उनके साथ बिताया हर पल कुछ सिखाता है। मेरा अपना परिवार दूर है, इसलिए वे मेरे लिए परिवार जैसे हैं। जब उनसे पूछा, 'क्या आपको रोमानिया में सफल करियर छोड़ने का पछतावा है? ',इस सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, 'मैं अपने जीवन से ये सब बिल्कुल भी नहीं छोड़ना चाहूंगी, क्योंकि नया देश आपको सेफ जोन से बाहर निकालता है। आपको खुद को नए सिरे से पहचान बनानी पड़ती है।



**12 साल बाद फिर से एक साथ, आशिकी 2 की जोड़ी की वापसी**

साल 2013 में रिलीज हुई फिल्म 'आशिकी 2' को लोगों ने खूब पसंद किया.

## खबर संक्षेप

**अस्पताल–बीमा कंपनियों की खींचतान**

### मरीजों पर दोहरा आर्थिक बोझ – संसद में उठाया गया मुद्दा

**नई दिल्ली/राजसमंद। @ पदमावत मीडिया।** राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने संसद में नियम 377 के तहत अस्पतालों और बीमा



कंपनियों के बीच बढ़ते विवाद के मुद्दे को गंभीरता से उठाते हुए कहा कि इस खींचतान का सीधा खामियाजा देश के आम मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कैशलेस इलाज, टैरिफ निर्धारण, बिलिंग और भुगतान में देरी जैसी जटिलताओं के कारण बीमाधारक मरीजों को इलाज के दौरान दोहरी आर्थिक मार झेलनी पड़ रही है। मेवाड़ ने बताया कि बीमा पॉलिसी होने के बावजूद अनेक मरीजों को अस्पतालों में तत्काल इलाज के लिए अपनी जेब से भुगतान करना पड़ता है, जिससे उपचार और बीमा प्रीमियम दोनों का भार उन पर आ जाता है। एक ओर अस्पताल इलाज के वास्तविक खर्च के अनुसार भुगतान की मांग करते हैं, वहीं दूसरी ओर बीमा कंपनियां अधिक बिलिंग राशि पर रोक लगाकर भुगतान में देरी करती हैं। इस कारण विवाद बढ़ता है और मरीज इलाज के बीच असमंजस में पड़ जाते हैं। उन्होंने कहा कि बीमा दावों के अस्वीकृत होने या भुगतान में लंबी देरी से मरीज और उनके परिवार आर्थिक संकट के साथ मानसिक तनाव का भी सामना करते हैं। सांसद मेवाड़ ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि बीमाधारकों के हितों की रक्षा के लिए अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच विवादों के निपटान हेतु एक प्रभावी एवं त्वरित व्यवस्था बनाई जाए। साथ ही, उन्होंने मांग की कि कैशलेस उपचार को बाधारहित बनाने और पारदर्शी भुगतान प्रणाली विकसित करने के लिए ठोस नीतिगत कदम शीघ्र उठाए जाएं, ताकि मरीजों को राहत मिल सके और स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर आमजन का विश्वास और मजबूत हो।

**साप्ताहिक समीक्षा बैठक**

### राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर प्रस्तावित कार्यक्रमों को सफल बनाएं : एडीएम सिटी

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक मंगलवार को जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देशन में एडीएम सिटी जितेंद्र ओझा की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट मिनी सभागार में आयोजित हुई।बैठक में एडीएम श्री ओझा ने राज्य सरकार के कार्यकाल के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 10 से 25 दिसम्बर तक होने वाले विविध आयोजनों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन प्रस्तावित कार्यक्रमों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जा चुके हैं। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने के आह्वान किया।

### भारत घूमने आई यूक्रेनी महिला की मौत

**जोधपुर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान के जोधपुर में टूरिस्ट वीजा पर भारत घूमने आई यूक्रेनी महिला की मौत हो गई। यूक्रेनी दूतावास की ओर से नियुक्त एजेंसी के प्रतिनिधि को मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाकर शव सौंप दिया। अब क्रिश्चियन महिला का अंतिम संस्कार जोधपुर में हिंदू रीति-रिवाज से होगा। हालांकि इंडियन फ्यूनरल सर्विस एजेंसी के जिस प्रतिनिधि को यूक्रेनी महिला की बॉडी सौंपी गई, वह मुस्लिम हैं। जानकारी के अनुसार, प्रारंभिक तौर पर सामने आया कि महिला की मौत हार्ट अटैक से हुई। हालांकि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का सही कारण पता चलेगा। पुलिस ने बताया कि मृतका कैतरीना (58) यूक्रेनी निवासी थी। वर्तमान में गौरव मिश्रा के घर पर रुकी हुई थीं। कैतरीना इससे पहले भी दो बार भारत आ चुकी थीं। इस बार 30 दिन के टूरिस्ट वीजा पर भारत आई थीं। गौरव मिश्रा के मुताबिक, कैतरीना 6 दिसंबर (शनिवार) की सुबह 8:30 बजे उठी थीं। इस दौरान घर में रहने वाली एक बच्ची को गुड मॉर्निंग बोलकर वापस सो गई थीं। इसके बाद वह सुबह 10:30 बजे तक नहीं उठी। मैंने जाकर देखा कैतरीना वह अचेत हालत में थीं। कैतरीना को 108 एम्बुलेंस की मदद से तुरंत हॉस्पिटल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गौरव ने बताया कि उनकी अचानक मौत होने का हमें दुःख है। उनका अंतिम संस्कार हिंदू रीति-रिवाज से जोधपुर में ही किया जाएगा। वहीं गौरव ने कैतरीना के बेटे ओलंग को कॉल कर उनकी मौत की जानकारी दी।

# आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु उपमुख्यमंत्री की अध्यक्षता में वर्चुअल बैठक आयोजित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूंबर।** आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना को ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और समग्र ग्राम विकास का सशक्त माध्यम बताते हुए उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने मंगलवार को विभागीय अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक का आयोजन आयुर्वेद विभाग द्वारा किया गया, जिसमें योजना के प्रत्येक घटक का विस्तार से आकलन किया गया तथा भविष्य की कार्ययोजना पर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण जनता को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और समन्वित स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना केवल स्वास्थ्य उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्राम विकास, जन-जागरूकता और समुदाय की भागीदारी को भी बढ़ावा देने वाली एक व्यापक पहल है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक विभाग समयबद्ध लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करे और जमीनी स्तर पर योजना का असर स्पष्ट रूप से दिखाई दे।





उन्होंने बताया कि चयनित प्रत्येक आयुष्मान आदर्श ग्राम को प्रोत्साहन के रूप में 11 लाख रुपये की राशि प्रदान की जाएगी, जिसका उपयोग प्राथमिक स्वास्थ्य संरचना को सुदृढ़ बनाने, आयुष सेवाओं को विस्तार देने, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने और सर्वांगीण ग्राम विकास के कार्यों में किया जाएगा।

बैठक में उपमुख्यमंत्री ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे निर्धारित एसओपी के अनुसार कार्य करें तथा ग्राम स्तर पर आयुर्वेद और आधुनिक चिकित्सा–दोनों पद्धतियों के समन्वित स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पंचायत राज, स्वास्थ्य विभाग, आयुर्वेद विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा अन्य सभी कार्यान्वयन एजेंसियों के बीच मजबूत समन्वय स्थापित करना योजना की सफलता की प्रमुख आवश्यकता है।

उन्होंने यह भी बताया कि ग्रामों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उपस्वास्थ्य केंद्र, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, आयुर्वेद औषधालय और आयुष स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को उपचार, परामर्श और निवारक स्वास्थ्य उपायों का पूर्ण लाभ मिल सके।

उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रधानमंत्री के स्वास्थ्य मिशन को साकार करने में पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करें और आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना को प्रदेश की सर्वश्रेष्ठ जनकल्याणकारी योजनाओं में स्थान दिलाएं।

अंत में उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्वास्थ्य तंत्र को मजबूत बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है और इस दिशा में आयुर्वेद विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी विभागों से टीम भावना के साथ कार्य कर योजना को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू करने का आह्वान किया।

**मध्यप्रदेश–महाराष्ट्र पुलिस की संयुक्त कार्रवाई से बड़ी सफलता**

## 6 वर्षीय मासूम बालिका महाराष्ट्र के ट्यूशा गांव से सकुशल बरामद

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**भोपाल।** बैतूल पुलिस टीम ने महाराष्ट्र पुलिस के सहयोग से संयुक्त कार्रवाही कर महाराष्ट्र राज्य के ट्यूशा गांव (मोर्शी क्षेत्र) से 6 वर्षीय मासूम बालिका को सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया।

07 दिसंबर 2025 को फरियादी ने सूचना दी कि उसकी बालिका घर के सामने खेल रही थी, तभी गांव का ही एक आदतन अपराधी उसे मोटरसाइकिल से ले गया। परिजनों द्वारा तलाश के बाद भी बालिका नहीं मिली। सूचना पर थाना कोतवाली में प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस महानिरीक्षक नर्मदापुरम जोन श्री मिथिलेश शुक्ला, उप पुलिस महानिरीक्षक नर्मदापुरम श्री प्रशांत खरे, पुलिस अधीक्षक बैतूल श्री वीरेंद्र जैन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी ने स्वयं निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। शुरूआती जांच में अनिल कुशराम निवासी खड़का जामगांव, जिला अमरावती (महाराष्ट्र) पर शंका व्यक्त की गई, जो हाल ही में अमरावती जेल से पैरोल पर रिहा हुआ है। आरोपी के विरुद्ध पूर्व में हत्या, दुष्कर्म एवं चोरी जैसे गंभीर अपराध दर्ज हैं।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में मुलताई, आमला, आठनेर, बोरदेही एवं मासौद चौकी की पुलिस टीमों को तत्काल सक्रिय किया गया। आरोपी के महाराष्ट्र की ओर भागने की संभावना को देखते हुए महाराष्ट्र पुलिस को भी तुरंत सूचना दी गई और संयुक्त टीम गठित कर दी गई। संयुक्त सर्च ऑपरेशन में तकनीकी टीमों, मोबाइल लोकेशन ट्रैकिंग और सर्चिंग पार्टियों को सक्रिय किया गया।

परिणामस्वरूप आरोपी की लोकेशन महाराष्ट्र के मोर्शी क्षेत्र में ट्रेस हुई, जिसके बाद ट्यूशा गांव में बालिका को सुरक्षित दस्तयाब किया गया। बालिका पूरी तरह सुरक्षित है और उसे परिजनों के सुपुर्द किया जा चुका है।

आरोपी अनिल कुशराम घटना के बाद फरार है। उसकी गिरफ्तारी हेतु बैतूल पुलिस की विशेष टीम लगातार महाराष्ट्र एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में खोज कर रही है।

**मध्यप्रदेश पुलिस की बड़ी सफलता**

## रीवा और ग्वालियर में दो अपराधों का खुलासा कर 57 लाख से अधिक की संपत्ति जब्त कर 62 घटनाओं में लिप्त गिरोह पकड़े गए

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस ने संगठित आपराधिक नेटवर्क पर निर्णायक कार्रवाई करते हुए रीवा और ग्वालियर जिलों में दो बड़ी सफलताएँ हासिल की हैं। रीवा पुलिस ने विगत दो वर्षों से सक्रिय विद्युत तार चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पदार्फाश करते हुए 50 लाख रुपये मूल्य का माल बरामद किया, जबकि ग्वालियर पुलिस ने मैरिज गार्डन में हुई चोरी का त्वरित खुलासा कर 7 लाख 80 हजार रूपए नगद बरामद किए गए।

**रीवा पुलिस की बड़ी कार्रवाई – अंतरराज्यीय विद्युत तार चोरी गिरोह का पदार्फाश**

रीवा पुलिस ने एमपीईबी विभाग के विद्युत तार चोरी एवं सोलर पावर प्लांट से कॉपर केबल चोरी की कुल 62 घटनाओं का खुलासा करते हुए 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पुलिस ने लगभग 50 लाख रुपये मूल्य के एल्यूमिनियम और कॉपर तार, पाँच





वाहन तथा चोरी में इस्तेमाल उपकरण (कटर, इलेक्ट्रिक डिटेक्टर, सीढ़ी आदि) बरामद किए हैं। पुलिस ने 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के विश्लेषण के साथ उत्तर प्रदेश और अन्य जिलों की पुलिस से समन्वय स्थापित किया। जांच में सामने आया कि गिरोह के सदस्य पूर्व में बिजली विभाग के ठेकेदारों से जुड़े थे और चोरी का माल कबाड़ियों को बेचते थे। इस कार्रवाई से जिले में लंबे समय से जारी विद्युत संरचना चोरी की घटनाओं पर निर्णायक अंकुश लगा है।

**ग्वालियर पुलिस का त्वरित खुलासा – मैरिज गार्डन चोरी में 7 लाख 80 हजार रूपए बरामद**

ग्वालियर के थाना महाराजपुरा क्षेत्र स्थित अभिनंदन वाटिका में एक लगुन कार्यक्रम के दौरान 11 लाख की चोरी हुई थी। क्राइम ब्रांच और थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी संतोष सिसोदिया को गिरफ्तार किया, जिसके पास से 7 लाख 80 हजार रूपए नगद बरामद हुए। पूछताछ में खुलासा हुआ कि चोरी शिवा सिसोदिया और एक विधिविरुद्ध बालक ने की थी और राशि संतोष को छिपाने हेतु सौंपी थी।

रीवा और ग्वालियर की इन प्रभावी कार्यवाहियों ने यह साबित किया है कि मध्यप्रदेश पुलिस संगठित अपराध, सार्वजनिक संपत्ति की चोरी और नेटवर्क आधारित आपराधिक गतिविधियों के प्रति जीरो टॉलेरेंस की नीति पर कार्य कर रही है।

**सब–इंजीनियर 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

## ट्रांसफॉर्मर स्थापना और मीटर कनेक्शन की फाइल आगे बढ़ाने के एवज में मांगी थी 20 हजार की मांग

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**नगरकुर्नूल।** एसीबी की टीम ने मंगलवार को टीजीएसपीडीसीएल, कल्वकुर्थी सब-डिवीजन के सब-इंजीनियर यद्दुला वेंकटेश्वरलु को शिकायतकर्ता से 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपित अधिकारी शिकायतकर्ता के घर, वेल्डांडा मंडल के चोक्कनापल्ली गांव की सीमा पर पहुंचे और आधिकारिक कार्य के बदले 20 हजार रुपये की रिश्वत की मांग कर रहा था।



शिकायतकर्ता द्वारा दिए गए 15 हजार रुपये को उसने स्वीकार कर लिया, जिसके बाद एसीबी ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया।

एसीबी अधिकारियों ने बताया कि रिश्वत की यह राशि शिकायतकर्ता के घर पर की जाने वाली ट्रांसफॉर्मर स्थापना संबंधी फाइल को पूरा करने तथा उसके नाम पर बिजली मीटर जारी करने के बदले मांगी गई थी। तलाशी में आरोपित के पास से 15 हजार रुपये की राशि बरामद कर ली गई है। पकड़े गए सब-इंजीनियर ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अनुचित लाभ प्राप्त करने की कोशिश की थी।

एसीबी ने आरोपित यद्दुला वेंकटेश्वरलु को गिरफ्तार कर हैदराबाद स्थित रढए एवं अउइ मामलों की विशेष अदालत में प्रस्तुत किया। मामला दर्ज कर आगे की जांच जारी है। सुरक्षा कारणों से शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा गया है।

## अवैध यूरिया खाद की बड़ी खेप जब्त, कृषि विभाग की कार्रवाई से मचा हड़कंप

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूंबर।** कृषि विभाग सलूंबर की टीम ने ग्राम पिलादर में अवैध रूप से बेची जा रही यूरिया खाद पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 40 कट्टे जब्त किए। उर्वरक निरीक्षक सहायक निदेशक प्रवीण मस्ताना एवं कृषि अधिकारी जयप्रकाश यादव द्वारा किए गए औचक निरीक्षण में पाया गया कि कुछ किराना व्यापारियों द्वारा बिना लाइसेंस के यूरिया खाद का अवैध भंडारण एवं विक्रय किया जा रहा था। टीम ने मौके पर पहुंचकर वाहन चालक और प्राप्तकर्ता से यूरिया की खेप के संबंध में जानकारी मांगी, लेकिन दोनों ही कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके। पूछताछ में स्पष्ट हुआ कि यूरिया कट्टे उदयपुर से अवैध रूप से लोड कर ग्राम पिलादर लाए गए थे। जिस पर विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एमयूएसआरएल कंपनी के सभी 40 कट्टों को जब्त कर लिया। उर्वरक निरीक्षण टीम ने जब्त यूरिया के नमूने अधिरहित करते हुए राज्य उर्वरक परीक्षण प्रयोगशाला भेजने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है, ताकि खाद की गुणवत्ता और मानकों का परीक्षण किया जा सके। विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिना लाइसेंस उर्वरक का भंडारण और विक्रय दंडनीय अपराध है तथा ऐसी गतिविधियों में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

कृषि विभाग की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध खाद कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। विभाग ने किसानों से अपील की है कि प्रमाणित विक्रेताओं से ही खाद खरीदें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना विभाग को अवश्य दें।

# अमृता हॉट मेले का समापन: महिलाओं को मिला सशक्तिकरण का अवसर

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**भीलवाड़ा।** जिला प्रशासन व महिला अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से ग्रामीण हाट में आयोजित पांच दिवसीय अमृता हॉट मेले का समापन हुआ। इस दौरान शहरवासियों ने जमकर खरीदारी की और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए आर्थिक रूप से सशक्त होने की प्रेरणा दी।


कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि अविनाश जीनगर, हमीरगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष रेखा परिहार, जिला सांख्यिकी अधिकारी सोनम राज कोठारी, उपनिदेशक महिला बाल विकास विभाग राजकुमारी खोरवाल, पुलिस आत्मरक्षक बल से राजकुमारी चौधरी, राजीविका से अमित जोशी उपस्थित रहे। विभाग की ओर से ?2000 से ज्यादा की खरीद करने वाले उपभोक्ताओं में से लॉटरी द्वारा चयनित 3 उपभोक्ता श्रुति, निर्मला, वीपी सिंह को आकर्षक पुरस्कार के लिए चुना गया।

मेले में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। समापन के अवसर पर विजेताओं को सम्मानित किया गया। तीन सर्वश्रेष्ठ स्वंय समूह आंचल स्वयं सहायता समूह जयपुर, नवदुर्गा स्वयं सहायता समूह बूंदी, सुरभि स्वयं सहायता समूह अजमेर को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## भारतीय वैश्य ग्लोबल फाउंडेशन की ओर से स्वेटर वितरण, बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** सामाजिक उत्तरदायित्व और सेवा भावना को समर्पित भारतीय वैश्य ग्लोबल फाउंडेशन की उदयपुर इकाई ने राउमावि बांसलिया में कक्षा 1 से 8 तक के 100 छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरित कर सर्दी में राहत पहुंचाई। संगठन के जिलाध्यक्ष सीए आनन्द कुमार गर्ग, जिला संरक्षक रवीन्द्र अग्रवाल और संभाग संरक्षक सीए निर्मल कुणावत ने विद्यालय पहुंचकर बच्चों को स्वेटर भेंट किए, जिससे बच्चों के चेहरों पर खुशी झलक उठी। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सुनील कुमार जोशी ने अतिथियों को पगड़ी और उपरणा पहनाकर स्वागत किया तथा स्कूल के प्रति सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर श्रीमती सीमा गोयल को इस सेवा कार्य के लिए प्रेरित करने पर विशेष धन्यवाद दिया गया। जिला संरक्षक रवीन्द्र अग्रवाल ने बच्चों को लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी, जबकि संभाग संरक्षक सीए निर्मल कुणावत ने स्वच्छता




के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। जिलाध्यक्ष सीए आनन्द गर्ग ने विद्यालय में हो रहे वृक्षारोपण कार्य की सराहना करते हुए आगे भी सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में विद्यालय का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा। भारतीय वैश्य ग्लोबल फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सीए विनय मित्तल ने बताया कि फेडरेशन केवल सामाजिक सेवा तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यवसायिक सहयोग, बिजनेस प्रमोशन, डिजिटल बिजनेस लिस्टिंग, वैश्य समाज का वैवाहिक पोर्टल, रोजगार-कैरियर सहायता, कर संबंधी जानकारी, मेडिकल हेल्पलाइन और अन्य उपयोगी पोर्टल के माध्यम से आमजन की सीधी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कार्य कर रहा है। संगठन के ये प्रयास समाजहित में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और भविष्य में कई नई सुविधाएं शुरू की जाएंगी।

## भारत स्काउट गाइड द्वारा दासपा में जनजागरूकता एवं पर्यावरण चेतना शिविर आयोजित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

भीनमाल। निकटवर्ती दासपा ग्राम में सरस्वती विद्या मंदिर उच्च प्राथमिक विद्यालय भवन परिसर में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ के तत्वावधान में जनजागरूकता एवं पर्यावरण चेतना शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, ग्रामीणों एवं स्काउट-गाइड सदस्यों ने भाग लिया। शिविर में गजेंद्रसिंह चम्पावत ने मनुष्य जीवन में प्रज्ञा, कौशल विकास, जीवन प्रबंधन और सकारात्मक चिंतन की महत्ता पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि व्यक्तित्व निर्माण के लिए स्काउट गाइड आंदोलन अत्यंत उपयोगी मंच है। प्रदेश महामंत्री विप्र फाउंडेशन दिनेश दवे ने कहा कि राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक



चेतना जैसे प्रकल्पों में स्काउट गाइड की भूमिका अनुकरणीय है तथा विप्र फाउंडेशन भी इस उत्थानकारी कार्य से अभिभूत है। श्रवण जीनगर ने कहा कि जीवन को श्रेष्ठ, अनुशासित और उद्देश्यपूर्ण बनाने में स्काउट गाइड की शिक्षाएं विशेष महत्व रखती हैं। अखेसिंह ने कार्यक्रम को प्रेरणादायी बताते हुए युवाओं को ऐसे आयोजनों से जुड़ने का आह्वान किया। डॉ. घनश्याम व्यास ने संगठन द्वारा संचालित विविध जनकल्याणकारी प्रकल्पों की जानकारी देते हुए कहा कि स्काउट-गाइड गतिविधियाँ बच्चों और युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम हैं। नागरिक कल्याण मंच अध्यक्ष माणकमल भंडारी ने कहा कि भारत स्काउट गाइड के श्रेष्ठ मूल्यों–सेवा, अनुशासन, नेतृत्व, पर्यावरण चेतना और राष्ट्रीय भावना–का प्रसार जनमानस और विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में गहरी छाप छोड़ता है, इसलिए संगठन द्वारा संचालित राष्ट्रव्यापी प्रकल्पों के प्रचार-प्रसार में सभी को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. घनश्याम व्यास ने किया।

मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि शिविर में आकाशकुमार जैन, दीक्षित ओझा, लोकेंद्रसिंह, माया कंवर, माघवेंद्रसिंह, डिंपल कंवर, पूनम कंवर, बाबूराम, जैसाराम, संतोषकुमारी, रवीनाकुमारी, कविता कुमारी सहित अनेक बंधु-भगिनी और विद्यार्थी उपस्थित रहे। शिविर के दौरान स्काउट-गाइड गतिविधियों, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जागरूकता और राष्ट्रीय चरित्र निर्माण के संदेशों को प्रभावी रूप से प्रसारित किया गया।

## खबर संक्षेप

कृषि विभाग की बड़ी कार्रवाई

### यूरिया उर्वरक का अवैध परिवहन पकड़ाया 194 बैग जब्त

**डूंगरपुर @ पदमावत मीडिया।** जिले में यूरिया उर्वरक की अवैध परिवहन, जमाखोरी और कालाबाजारी पर सख्ती बरतते हुए कृषि



विभाग ने सोमवार को एक बड़ी कार्रवाई की। संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) डूंगरपुर परेश कुमार पंड्या के निर्देश पर ब्लॉकों में गठित निरीक्षण टीमों द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ब्लॉक सीमलवाड़ा में निरीक्षण के दौरान सहायक निदेशक कृषि (मुख्यालय) गीता रोत ने गाड़ी संख्या फ्ख-36-ख-7690 को रोका, जिसमें अवैध तरीके से ले जाए जा रहे 194 बैग यूरिया पाए गए। अवैध परिवहन की पुष्टि होते ही यूरिया के सभी बैग जब्त कर लिए गए तथा संबंधित वाहन चालक के विरुद्ध थाने में धम्बोला पुलिस थाने पर मामला दर्ज (थ्प्त्) कराया गया। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि उर्वरकों की जमाखोरी, कालाबाजारी और अवैध परिवहन करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि किसानों तक सरकारी दर पर उचित मात्रा में उर्वरक की आपूर्ति सुचारु रूप से पहुँच सके।

पटवारी भर्ती परीक्षा 2025

### दस्तावेज सत्यापन में दूसरे दिन 853 अभ्यर्थी उपस्थित

**अजमेर @ पदमावत मीडिया।** पटवारी भर्ती परीक्षा 2025 में सफल अभ्यर्थियों के



दस्तावेज सत्यापन का कार्य आरआरटीआई परिसर, जयपुर रोड अजमेर में जारी है। मंगलवार को निर्धारित 1025 अभ्यर्थियों में से 853 अभ्यर्थियों ने उपस्थित होकर अपने दस्तावेज सत्यापन करवाए। यह प्रक्रिया राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर द्वारा राजस्व मंडल को उपलब्ध कराए गए 7410 विचारित अभ्यर्थियों की सूची के अनुसार की जा रही है। इसके तहत सोमवार को पहले दिन 615 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था, जिनमें से 555 अभ्यर्थी ही उपस्थित हुए। निर्धारित तिथि पर उपस्थित नहीं हो सके अभ्यर्थियों को सात दिन का अतिरिक्त अवसर प्रदान करते हुए दस्तावेज सत्यापन के लिए पुनः बुलाया जा रहा है, ताकि कोई भी पात्र अभ्यर्थी इस प्रक्रिया से वंचित न रहे। उप निबंधक (प्रशासन) रविन्द्र कुमार ने बताया कि दस्तावेज सत्यापन कार्य सुचारु रूप से निरंतर जारी है। अभ्यर्थियों की पात्रता एवं आवश्यक दस्तावेजों की जांच पूर्ण पारदर्शिता के साथ की जा रही है। उन्होंने अभ्यर्थियों से समय पर निर्धारित तिथि को उपस्थित रहने का आान किया, जिससे सत्यापन की कार्यवाही समयबद्ध रूप से पूर्ण हो सके।

### कृषि उपज मंडी में कार्यशाला आयोजित

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पी.एम.एफ.एम.ई.) के क्रियान्वयन को लेकर कृषि उपज मण्डी समिति (अनाज) उदयपुर के सभागार में मंगलवार को प्रातः 11 बजे कायार्शाला आयोजित की गई। कार्यशाला में कृषि उपज मण्डी समिति (अनाज) उदयपुर के सचिव मदनलाल गुर्जर ने बताया कि उक्त योजना के अर्न्तगत सूक्ष्म उद्योग लगाने पर सरकार 35 प्रतिशत सबसिडी देती है। जिसमें क्रमशः फलों और सब्जियों के उत्पाद, अनाज और दालों के उत्पाद, दुग्ध उत्पाद, तिलहन उत्पाद, पशु आहार उत्पाद, बेकरी उत्पाद, अन्य खाद्य उत्पाद उद्योग लगाकर योजना का लाभ ले सकते है। योजना का लाभ लेने के इच्छुक पात्र लोग जिला रिसोर्स पर्सन (डी.आर.पी.)/सी.ए. के सहयोग से आधार कार्ड, पैन कार्ड, उद्यमों के पंजीकरण, पते का प्रमाण-पत्र 06 माह के बैंक स्टेटमेन्ट सहित व्यवसाय स्वामित्व प्रमाण-पत्र के जरिये आवेदन कर सकते है। उक्त कार्यशाला में मण्डी समिति (अनाज) उदयपुर के समस्त व्यापार मण्डल/संघ के अध्यक्षों एवं व्यापारियों तथा उद्यमियों ने भाग लेकर योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

---

सेमारी के दोहरे हत्याकांड का पुलिस ने किया सनसनीखेज खुलासा

# रंजिश में सास और मासूम भांजे की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार पुलिस टीम की सूझबूझ से खुला घटनाक्रम का हर रहस्य

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूंबर।** जिले को दहला देने वाले घोड़ासर गांव के दोहरे निर्मम हत्याकांड में पुलिस ने त्वरित, सटीक और रणनीतिक कार्रवाई करते हुए मात्र कुछ ही दिनों में पूरी वारदात का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने रंजिशवश की गई इस क्रूर वारदात में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। पूरे प्रकरण की जांच जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार यादव के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतन चावला के सुपरविजन और वृताधिकारी सराड़ा चांदमल सिंगारिया के मार्गदर्शन में पुलिस थाना सेमारी, पुलिस थाना झल्लारा, जिला स्पेशल टीम और साइबर सैल की संयुक्त टीमों द्वारा की गई, जिसने इस जघन्य अपराध पर निर्णायक प्रहार किया। घटना की



रिपोर्ट प्रार्थी धन्ना मीणा द्वारा 5 दिसंबर की रात दी गई थी, जिसमें बताया कि वह सत्संग में गया हुआ था और पीछे उसकी पत्नी गौरी (60) तथा पांच वर्षीय भांजा सुरेश घर पर सो रहे थे। देर रात पड़ोसी से घर में खटपट की सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचा, जहां दिल दहला देने वाला दृश्य सामने आया–पत्नी गौरी के दोनों पैर घुटनों के ऊपर से कटे हुए खाट के नीचे पड़े थे, गले पर गहरा वार था तथा पूरा कमरा खून से लथपथ था। मासूम सुरेश भी खाट के नीचे गंभीर वारों के साथ मृत अवस्था में पड़ा था। मौके से मृतका के सोने-चांदी के आभूषण भी लूट लिए गए थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल प्रकरण संख्या 188/2025 भारतीय न्याय संहिता की जघन्य धाराओं में दर्ज किया गया।

पुलिस टीमों ने घटनास्थल के वैज्ञानिक विश्लेषण से लेकर तकनीकी साक्ष्यों, मोबाइल लोकेशन, संदिग्धों की गतिविधियों और स्थानीय सूचनाओं को जोड़कर निरंतर कई घंटे की मेहनत की। आखिरकार टीम ने शक के दायरे में आए दो युवकों– गंगाराम पिता नाथू मीणा और बबलू पिता गोपाल मीणा–को डिटेन कर मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की। पूछताछ में दोनों ने अपराध स्वीकार कर लिया। खुलासा हुआ कि मृतका उनकी सगी बेटी को एक माह से ससुराल नहीं भेजने के विवाद को लेकर आरोपी गंगाराम काफी समय से रंजिश पाल रहा था। इसी गुस्से में उसने अपने साथी बबलू के साथ मिलकर रात के अंधेरे में घर में धावा बोलकर हत्या और लूट की योजना बनाई और दिल दहला देने वाली घटना को अंजाम दिया।

दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। पुलिस ने कहा है कि यह घटना सामाजिक ताने-बाने को झकझोरने वाली है और ऐसे अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई जारी रहेगी।

**थानाधिकारी धर्मेंद्र सिंह वाघेला की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही**

दोहरे हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में थानाधिकारी धर्मेंद्र सिंह वाघेला ने अपनी बेहतरीन नेतृत्व क्षमता, अनुभव और तेजतर्रार कार्रवाई से मामले की जांच को निर्णायक मोड़ दिया। उनके नेतृत्व में टीम ने जंगलों, पहाड़ियों और कई संदिग्ध ठिकानों पर लगातार दबिश देकर आरोपी तक पहुंच बनाई। पुलिस अधिकारी बताते हैं कि यदि उनकी दृष्टि और दिशा न होती तो वारदात का खुलासा इतनी शीघ्रता से संभव नहीं था।

इस कार्रवाई में थानाधिकारी धर्मेंद्र सिंह वाघेला, हैड कांस्टेबल महेंद्र सिंह बडावली, हैड कांस्टेबल भरत पाटीदार, कांस्टेबल किरेन्द्र सिंह, कांस्टेबल यशपाल सिंह; डीएसटी से सहायक उप निरीक्षक महेंद्र सिंह, कांस्टेबल हेमेंद्र सिंह, कांस्टेबल राकेश कुमार; थाना सेमारी टीम से थानाधिकारी गोपाल कृष्ण परमार, कांस्टेबल भानुप्रताप सिंह, कांस्टेबल भरत कुमार, कांस्टेबल तेजेंद्र सिंह और कांस्टेबल कुशाल सिंह शामिल थे।

विशेष रूप से थानाधिकारी धर्मेंद्र सिंह वाघेला, एएसआई महेंद्र सिंह (डीएसटी) और साइबर सेल के कांस्टेबल हेमेंद्र सिंह की भूमिका वारदात के खुलासे में अत्यंत महत्वपूर्ण रही।

---

## 21 दिसंबर से रंग बिखेरेगा विश्वप्रसिद्ध शिल्पग्राम उत्सव, तैयारियों को लेकर प्रशासनिक स्तर पर बैठक का आयोजन

पर्यटकों एवं आमजन को बेहतर अनुभव प्रदान करने पर हुई चर्चा, उत्सव के पहले दिन निः शुल्क रहेगा प्रवेश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** लेकसिटी में प्रतिवर्ष की भांति विश्वप्रसिद्ध दस दिवसीय शिल्पग्राम उत्सव का आगाज 21 दिसंबर से होने जा रहा है। उत्सव का शुभारंभ प्रदेश के माननीय राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागड़े के कर कमलों से होगा। कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाबचंद कटारिया एवं केंद्रीय मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत की गरिमामयी उपस्थिति भी रहेगी। उत्सव को सुव्यवस्थित और सुरक्षित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को शिल्पग्राम परिसर स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में जिला कलेक्टर के निर्देशन में एडीएम सिटी जितेंद्र ओझा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित हुई।





उत्सव के दौरान पर्यटकों और आमजन की सुविधाओं को केंद्र बिंदु में रखते हुए व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा हुई। एडीएम ओझा ने यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने, पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने तथा आवश्यकता पड़ने पर एक क्रेन उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।उन्होंने शिल्पग्राम तक पर्यटकों एवं आमजन की आसान पहुँच सुनिश्चित करने के लिए सिटी बसों के संचालन की योजना बनाने के निर्देश भी दिए। उत्सव के पहले दिन आमजन के लिए प्रवेश निःशुल्क रखा गया है। बैठक के दौरान एडीएम ओझा ने सुरक्षा एवं आपात सेवाओं के संबंध में अग्निशमन प्रबंधों को मजबूत रखने, मेडिकल टीमों और एम्बुलेंस की तैनाती सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने स्वच्छता व्यवस्था को लेकर समस्त स्टॉल संचालकों को कचरा पात्र रखने और परिसर को साफ-सुथरा बनाए रखने के स्पष्ट निर्देश दिए। बैठक में पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक कला केंद्र के निदेशक फुरकान खान, यूडीए सचिव हेमेंद्र नागर, एवीवीएनएल एसई के.आर. मीणा, पीएचईडी एसई रविन्द्र चौधरी, पर्यटन विभाग की उपनिदेशक शिखा सक्सेना, मुख्य अग्निशमन अधिकारी बाबूलाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

गौरतलब है कि पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक कला केंद्र द्वारा आयोजित शिल्पग्राम उत्सव देश भर के शिल्पकारों और लोक कलाकारों का संगम है, जहां कला, संस्कृति और परंपरा का अनूठा रंग देखने को मिलता है जिसे देखने देशी - विदेशी पर्यटकों समेत शहरवासियों का तांता लग जाता है और उत्सव पूरे दस दिनों तक गुलजार रहता है। इस बार भी उत्सव के दौरान विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम और हस्तशिल्प प्रदर्शनी आमजन के लिए विशेष आकर्षण रहेंगी।

---

## मानसरोवर जोन में नगर निगम की बड़ी कार्रवाई : 25 बेसहारा गौवंश रेस्क्यू, 6 अवैध मांस थड़ियाँ ध्वस्त, 10 दुकानों को अस्थाई सीज

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** नगर निगम जयपुर की पशु प्रबंधन शाखा ने मंगलवार को मानसरोवर जोन में व्यापक अभियान चलाते हुए सड़कों और आवासीय क्षेत्रों में घूम रहे 25 बेसहारा एवं निराश्रित गौवंश को रेस्क्यू कर सुरक्षित रूप से हिंगोनिया गौ-पुनर्वास केंद्र भेजा। यह कार्रवाई आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देश पर उपायुक्त सीमा शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम–डॉ. योगेश शर्मा एवं डॉ. राकेश कलोरिया–द्वारा की गई। टीम ने पूरे क्षेत्र का सघन निरीक्षण कर गौवंश को पकड़ने, स्क्रीनिंग करने और सुरक्षित वाहन से पुनर्वास केंद्र तक पहुँचाने की प्रक्रिया को व्यवस्थित रूप से संपन्न किया।

इसी के साथ सांगानेर जोन के प्रतापनगर क्षेत्र में 6 अवैध मीट/मांस की थड़ियों को बुलडोजर की मदद से ध्वस्त किया गया, वहीं शहर के हसनपुरा, शास्त्रीनगर, भट्टा बस्ती, जालुपुरा, जयसिंहपुरा खोर क्षेत्र में मंगलवार (अक्ता दिवस) को खुली पाई गई 10 मीट/मांस की दुकानों को अस्थाई रूप से सीज कर दिया गया। निगम टीम ने दुकानदारों को निर्देश दिए कि अक्ति दिवस पर मीट/मांस की दुकानें खोलना नियमों का उल्लंघन है, जिसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

उपायुक्त सीमा शर्मा ने बताया कि मुख्य सड़कों



और गलियों में आवारा गौवंश न केवल यातायात में बाधा पैदा करते हैं, बल्कि दुर्घटनाओं का बड़ा कारण भी बनते हैं। इसी को देखते हुए नगर निगम लगातार ऐसे क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर बेसहारा पशुओं को सुरक्षित गौ-पुनर्वास केंद्र पहुँचाने का कार्य कर रहा है।

निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने कहा कि शहर को बेसहारा पशु समस्या से मुक्त करना और अवैध डेयरियों एवं अवैध मांस दुकानों पर सख्त कार्रवाई करना निगम की प्राथमिकता है। भविष्य में भी ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे, ताकि शहर स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित रह सके।

---

## वात्सल्य सेवा समिति, उदयपुर द्वारा विद्यार्थियों को 100 उनी स्वेटर वितरित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** स्थानीय विद्यालय में शुक्रवार को वात्सल्य सेवा समिति, उदयपुर द्वारा सेवा और सहयोग की भावना के तहत कक्षा 1 से 6 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों को कुल 100 उनी स्वेटर वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य शीत ऋतु में निर्धन व जरूरतमंद विद्यार्थियों को सहायता प्रदान करना रहा।

इस अवसर पर विद्यालय प्रधान सतीश कुमार व्यास के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में वात्सल्य सेवा समिति के अध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, संरक्षक दिनेश भट्ट, प्रवक्ता राजेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सी.पी. बंसल, सदस्य अंकुर गर्ग (ए.ओ. डीईओ कार्यालय), उपमहामंत्री गोपाल कनेरिया, राजेश मूंदड़ा, जगदीश मंगल (गो सेवा प्रमुख), एच.पी. जिन्दल, आर.सी. बंसल, ओमप्रकाश स्वर्णकार, राजेश स्वर्णकार, भगवती अग्रवाल, महिला महामंत्री मणी बेन पटेल, मंजु गूदड़ा, पुष्पा अग्रवाल, हिमांशी भट्ट, विजयप्रकाश विप्लव सहित अनेक गणमान्य




नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में ग्राम से पधारे हुए हिम्मत सिंह देवड़ा, पूर्व झामेश्वर मंडल अध्यक्ष गणेश व्यास, भंवर सिंह देवड़ा, मोतीलाल व्यास, नजर सिंह देवड़ा, गणेश गिरी, भंवर सिंह सोलंकी तथा लोकेन्द्र सिंह देवड़ा का विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक स्वागत किया गया।

वात्सल्य सेवा समिति की इस पहल की सभी अतिथियों ने सराहना की और बच्चों को शिक्षा के साथ सेवा के संस्कारों से जोड़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन अध्यापिका लक्ष्मी शर्मा ने किया। विद्यालय परिवार ने समिति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सेवा कार्य समाज में मानवता और सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करते हैं।

---

## खान एवं पेट्रोलियम विभाग की समीक्षा बैठक : राजस्थान को खनन में अग्रणी बनाने पर जोर, अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित खान एवं पेट्रोलियम विभाग की समीक्षा बैठक में प्रदेश को खनन क्षेत्र में अग्रणी बनाने का संकल्प व्यक्त करते हुए कहा कि राजस्थान प्रचुर खनिज संपदा वाला राज्य है, और यह क्षेत्र न केवल राज्य के राजस्व में वृद्धि करता है बल्कि लाखों श्रमिकों के रोजगार का भी आधार है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि खनिज संसाधनों का वैज्ञानिक एवं समुचित दोहन करते हुए तय समय-सीमा में राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित की जाए तथा अवैध खनन में शामिल किसी भी व्यक्ति को किसी भी परिस्थिति में बख्शा न जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में नए खनिज ब्लॉकों की पहचान कर उन्हें अत्याधुनिक तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की सहायता से विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। खनिज संपन्न राज्यों



की सफल नीतियों और नवाचारों का अध्ययन कर उन्हें प्रदेश में लागू कर राजस्व वृद्धि को गति देने की भी बात कही।

उन्होंने कहा कि नीलामी प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाए तथा पुलिस, परिवहन और खान विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए। क्षेत्र में ड्रोन सर्वे की आवृत्ति बढ़ाने, खनन पट्टा क्षेत्रों की जियो-फेंसिंग को मजबूत करने और संवेदनशील इलाकों में प्रभावी निगरानी तंत्र विकसित करने के निर्देश भी दिए गए। मुख्यमंत्री ने बताया कि बजरी के विकल्प के रूप में एम-सेण्ड को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने एम-सेण्ड नीति 2024 लागू की है, जिसके अंतर्गत अनेक प्लांट्स स्थापित हो चुके हैं। उन्होंने इन प्लांट्स की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए तथा कहा कि खनिज संसाधनों की संभावनाओं को जानने के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की जाए।

बैठक में विभागीय अधिकारियों ने अवगत कराया कि खान विभाग द्वारा एम-सेण्ड नीति लागू करने के साथ खनिज विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं अवैध खनन निगरानी को सुदृढ़ करने के लिए कई नवाचार किए गए हैं। इनमें ई-रवन्ना, ई-टीपी के दुरुपयोग की रोकथाम हेतु विशेष टीम, संवेदनशील क्षेत्रों में बॉर्डर होम गार्ड की तैनाती, खनिज परिवहन वाहनों में जीपीएस व आरएफआईडी बाध्यता, विभागीय वे- ब्रिज पर स्टैंडर्ड सॉफ्टवेयर और एआई कैमरों की स्थापना जैसे कदम शामिल हैं। प्रमुख शासन सचिव खान टी. रविकांत ने विभागीय योजनाओं और नवाचारों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। बैठक में पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

---

## बामन टुकड़ा के मनीष दवे की बड़ी उपलब्धि: स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक 150 किलोमीटर की राष्ट्रीय पदयात्रा पूरी, ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**राजसमंद।** राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी की प्रेरणा से जिले के बामन टुकड़ा निवासी नेशनल यूथ आइकॉन मनीष दवे ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर भारत सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पदयात्रा यूनिटी मार्च में भाग लेकर जिले और राजस्थान का नाम गौरवान्वित किया है। करमसद से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, केवड़िया (गुजरात) तक 26 नवंबर से 6 दिसंबर तक आयोजित इस 150 किलोमीटर लंबी ऐतिहासिक पदयात्रा में दवे राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने वाले चुनिंदा युवाओं में शामिल रहे।

युवा एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आधिकारिक निमंत्रण पर शामिल हुए मनीष दवे ने देशभर के 150 चयनित युवाओं के साथ 11 दिनों






तक ऐतिहासिक स्थलों और गांवों से होते हुए यह कठिन यात्रा पूरी की। यात्रा के दौरान अनेक स्थानों पर लोगों ने पदयात्रियों पर पुष्पवर्षा कर उनका उत्साह बढ़ाया। केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने भी दवे से दूरभाष पर वार्ता कर उन्हें शुभकामनाएँ दीं।

6 दिसंबर को स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पहुंचकर मनीष दवे ने लौहपुरुष सरदार पटेल को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। यात्रा पूर्ण कर वायुयान से गांव लौटने पर ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया और उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया।

समापन दिवस पर उपराष्ट्रपति सी.पी. कृष्णन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस मौके पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल तथा युवा एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया भी उपस्थित थे। सभी विशिष्ट अतिथियों ने दवे सहित चयनित 150 युवा पदयात्रियों से भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया और समूह फोटो भी लिया। मनीष दवे की यह उपलब्धि जिले के युवाओं के लिए प्रेरणादायक मिसाल बन गई है।

---

## आचार्य पुलकसागर महाराज के सानिध्य में भगवान पार्श्वनाथ जिनबिंब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव सम्पन्न

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** सर्वऋतुविलास कॉलोनी स्थित भगवान महावीर स्वामी दिगंबर जैन मंदिर के आचार्य शांतिसागर सभागार में जिनशरणम तीर्थ प्रणेता आचार्य पुलकसागर महाराज ससंघ के पावन सानिध्य एवं प्रतिष्ठाचार्य पंडित विनोद पगारिया विरल के निर्देशन में भगवान पार्श्वनाथ जिनबिंब का पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव श्रद्धाझभक्ति के अद्भुत वातावरण में सम्पन्न हुआ। दो दिवसीय आयोजन में रविवार को शांतिलाल जैन द्वारा ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात जिनेन्द्र भगवान का अभिषेक, शांतिधारा एवं प्रतिमा की आकारझशुद्धि विभिन्न औषधियों द्वारा की गई। जन्म कल्याणक अंतर्गत सौधर्म इन्द्र रूप में सुरेश कोठारी द्वारा जन्माभिषेक और शचि इन्द्राणी के रूप में कान्ता कोठारी द्वारा मंगल श्रृंगार एवं आरती की गई।

मध्यान्ह सत्र में आचार्य पुलकसागर महाराज ने प्रतिष्ठाचार्य पगारिया के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान की दीक्षा विधि संपन्न कराई। ज्ञान कल्याणक विधान में आचार्यश्री ने प्रतिमा पर अंक-न्यास,



मंत्र-न्यास, कर-केवलज्ञान संस्कार एवं पवित्र सूरि मंत्रो के माध्यम से प्राण प्रतिष्ठा की। महोत्सव के दूसरे दिन सोमवार को सम्मेदशिखर के सुवर्ण भद्र टोक से मोक्षगमन विधान, विश्व शांति महायज्ञ की पूणार्हुति और भगवान पार्श्वनाथ प्रतिमा को वेदी पर विराजमान कर प्रतिष्ठा महोत्सव विधिवत पूर्ण हुआ।

पुलक मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद फांदोत ने बताया कि राष्ट्रसंत आचार्य पुलकसागर महाराज का 31वाँ दिव्य दीक्षा महामहोत्सव एवं ससंघ पिच्छिका परिवर्तन समारोह 11 दिसम्बर को आयोजित होगा। दोपहर 1:30 बजेनगर निगम प्रांगण स्थित मोहनलाल सुखाड़िया रंगमंच में मुख्य कार्यक्रम होगा। इससे पूर्व आचार्यश्री सर्वऋतुविलास से शोभायात्रा के रूप में टाउनहॉल पहुंचेंगे।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : **पवन मॉंगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय** : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। **मो. नं.** : +91-95945-42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।